Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 04-12-2021 | अंक 74

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 30 नवंबर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

बरही प्रा. आई.टी.आई.
Reg. DGT-6/34/1/2017-TC
भारत सरकार के (NCVT) द्वारा मान्यता प्राप्त
- ST, SC, OBC के छात्र एवं छात्राओं को कल्यान विभाग के द्वारा छात्रवृति की सुविधा
- योग्य शिक्षकों के द्वारा पठन-पाठन की व्यवस्था
- बैंक, रेलवे एवं कम्पटीशन की तैयारी की व्यवस्था
ट्रेड- फीटर एवं इलेक्ट्रिशियन
SESSION 2021-2023
Hurry Up Seats are Limited
Admission Open
Contact: 8877775001 9431362225
पता- गया रोड बरही, नियर रेलवे ओवर ब्रीज

# अनुमंडलीय अस्पताल को मिला डिजिटल एक्सरे, जल्द मिलेगा एक्सरे की सुविधा, ब्लड बैंक चालू कराने की कवायद शुरू

## डीएस ने संवेदक के साथ एक्सरे व ब्लड बैंक रूम का किया निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा निर्देश

**अपेम लाइवः बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल अब धीरे धीरे स्वास्थ्य सुधार की अग्रसर हो रहा है। नए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। आम जन की अपेक्षा को देखते हुए वे सारी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए व्यक्तिगत रुचि ले रहे हैं जो सरकार के द्वारा आम जनता के चालू की गई है। फिलहाल ब्लड बैंक एवं एक्सरे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डीएस संकल्पित दिख रहे हैं। शनिवार को डीएस डॉ ज्ञानी ने अस्पताल जीर्णोद्धार करा रहे संवेदक एवं समाजसेवी रामचंद्र यादव के साथ ब्लड बैंक एवं एक्सरे रूम का निरीक्षण कर सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। उन्होंने एक्सरे रूम टाइल्स लगाने सहित



एक्सरे रूम का निरीक्षण करते डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी

रंगरोगन का कार्य अविलम्ब पूरा करने को कहा। डॉ ज्ञानी ने कहा कि अस्पताल का रंग रोगन किया जा रहा है। ब्लड बैंक में एसी लगाने तथा एक्सरे रूम में अन्य उपकरण लगाने के लिए बीपीएम को निर्देशित किया गया है। कहा कि अस्पताल को डिजिटल एक्सरे सरकार के द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। संभवतः 14 दिसम्बर के पहले एक्सरे की सुविधा आम जनता के लिए चालू करा दिया जाएगा। वहीं ब्लड बैंक के लिए भी सारी औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान डॉ प्रकाश ज्ञानी के साथ डॉ एसएसपी सिंह, विनय कुमार सिन्हा, बीपीएम नारायण राम, मो उस्मान, रामचंद्र यादव, सोनी रविदास, प्रह्लाद कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में दोहा गायन प्रतियोगिता का आयोजन, कृष्णा कुमार एवं संजीदा नाज ने मारी बाजी, हुए पुरस्कृत



पुरस्कृत बच्चों के साथ शिक्षक व शिक्षिकाएँ

**अपेम लाइव : बरही**

बरही रसोईया धमना स्थित शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को सीसीए के तहत दोहा गायन प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से लेकर कक्षा दशम तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संजीदा नाज, वंदना कुमारी, रोशनी कुमारी, रानी कुमारी, नेहा कुमारी , कृ ष्णा कुमार , कुमारी अंशु , कुमारी सुमन, कुमारी रूपा, कुमारी करीना , कुमारी खुशबू ,कुमारी अनीशा , आयुष कुमार ,सोनाली कुमारी, संतु कुमार, सुमित लाल साहू इत्यादि बच्चो ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। बच्चों ने भक्ति काल के कवियों कबीर दास जी, सूरदास जी, रहीम, रैदास, मीराबाई के पदों की प्रस्तुति से दर्शकों और श्रोताओं का मन मोह लिया। प्रतियोगिता मे कक्षा सेवंथ से कृष्णा कुमार, कक्षा दशम से संजीदा नाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ! कक्षा नवम से वंदना कुमारी ,नेहा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और कक्षा 6 से सुमन कुमारी और सुमित लाल साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया! कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र प्रसाद, विभा शर्मा ,अजय कुमार , श्वेता राजलक्ष्मी, नरेश कुमार ,सरिता कुमारी इत्यादि शिक्षकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया!

# धनवार में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने किया उद्घाटन

## उद्घाटन मैच में दुधपनिया ने धनवार को 23 रन से हराया

**अपेम लाइव : बरही**




मैच का उद्घाटन करते जीप प्रतिनिधि मो कयूम

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने फीता काटकर एवं बैटिंग कर किया। टूर्नामेंट का पहला मैच धनवार एवं दुधपनिया के बीच खेला गया। वहीं टॉस जीतकर धनवार ने पहले फी. ल्डिंग करने का निर्णय लिया। दुधपनिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर में 112 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी धनवार की टीम 89 रन ही बना सकी। इस प्रकार दुधपनिया की टीम ने 23 रन से विजयी हो गई। प्रवीण कुमार को मैन ऑफ द मैच खिताब दिया गया। निर्णायक की भूमिका मो मुजाहिद अंसारी एवम मो साजिद अंसारी ने निभाया। इस अवसर पर मो कय्यूम ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभा की कोई कमी नही है। इस तरह के आयोजन से खेल को निखारने में मदद मिलेगी। मौके पर नकुल प्रसाद, बबलू इम्तियाज, सरताज अंसारी, पप्पू खान, गुलाम अजहर हुमायूं अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## सूचना

# आरएनवाईएम कॉलेज में कल होगा स्व0 रामनारायण यादव की प्रतिमा का अनावरण

**अपेम लाइव : बरही**

राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज परिसर बरही में क0लेज के संस्थापक स्वर्गीय राम नारायण यादव जी की प्रतिमा का अनावरण 5 दिसंबर को समारोह आयोजित कर किया जाएगा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने बताया की स्वर्गीय राम नारायण यादव की प्रतिमा का अनावरण बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति मुकुल नारायण देव के द्वारा किया जाएगा। गौरतलब हो कि राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज की स्थापना स्वर्गीय राम नारायण यादव जी के द्वारा ही की गई थी। इस कॉलेज को विकसित करने में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित वर्तमान सचिव परमेश्वर यादव का अहम योगदान रहा है । इस कॉलेज को शैक्षणिक पटल पर विशेष स्थान दिलाने में में प्राचार्य ड० विमल किशोर का भी योगदान रहा है । इस कार्यक्रम में प्राचार्य ने बरही के प्रबुद्ध जनों, शिक्षा प्रेमी सहित विद्यार्थियों को आमंत्रित किया है।

# समाजसेविका के निधन पर समजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने की शोक संवेदना व्यक्त

**अपेम लाइव : बरही**

बरही अंतर्गत अफीम कोठी निवासी संतोष साव की माता मसोमात मीना देवी की निधन की सूचना मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता तापेश्वर प्रसाद उनके घर पहुंचकर माताजी के पार्थिव शरीर को नमन करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया, इस दुख की घड़ी में परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।



शोक संवेदना प्रकट करते तापेश्वर प्रसाद

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से बाल संरक्षण गृह में हेल्थ कैम्प का आयोजन, 15 बच्चों को हुई जांच

**अपेम लाइव : बरही**

पंचमाधव धोबियडीह के पास जन जागरण केंद्र की ओर से संचालित बाल संरक्षण गृह में अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से रूटीन हेल्थ चेकप के तहत हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में डीएस डॉ० प्रकाश ज्ञानी ने बाल गृह में रह रहे 14 सहित कुल 15 बच्चों का स्वास्थ्य जांच की। अधिकांश बच्चे का स्वास्थ्य ठीक था। कुछ बच्चो को मामूली स्वास्थ्य समस्या थी, उन्हें जरूरत के अनुसार दवा दी गई। वहीं सभी बच्चों को कृमिनाशक दवा दी



स्वास्थ्य जांच करते डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी

गई । साथ कृमिनाशक दवा खिलाने की विधि बाल गृह के प्राचार्या अरुणा खलको को बता दिया गया। डॉ ज्ञानी ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी कई जानकारियों के साथ साथ को. विड गाइड लाइन का पालन करने का निर्देश दिया। मौके पर सभी बच्चों एवं बाल गृह स्टाफ को भो मास्क दिया गया और हमेशा मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, नरेश कुमार, विक्रम कुमार, शैलेन्द्र कुमार, अरुणा खलको आदि लोग मौजूद थे।

## भगवान बुद्धा मेमोरियल संस्थान की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 300 छात्राओं की हुई जांच



शिविर को सफल बनाने वाले संस्था के लोग एवं अन्य

**अपेम लाइवः रांची**

भगवान बुद्धा मेमोरियल संस्थान के द्वारा वजीर कौशल विकास केंद्र इरबा में  हेल्थ चेकप कैम्प का आयोजन किया गया। इसमे 300 छात्राओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ (श्रेष्ठा नेत्र चिकित्सालय) एवं बर्लिन डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा बीपी, शुगर, जनरल फिजिशियन द्वारा छात्राओं एवं कर्मियों को निशुल्क जांच किया गया। अभियंता विष्णु सोनी ने कहा कि आगे भी रांची झारखंड के विभिन्न स्थान में



स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच करते चिकित्सक

लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ दिया जाएगा विभिन्न क्षेत्रों में कैंप लगाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना भगवान बुद्धा मेमोरियल संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भगवान बुद्धा मेमोरियल संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सोनी, सचिव अभियंता विष्णु सोनी, अश्विनी, डॉक्टर पूजा सिन्हा, डॉ दिव्या कुमारी , डॉ अंजनी कुमार, डॉ एस अब्दुल्ला, टेक्नीशियन आशुतोष मिश्रा, श्यामुल चटर्जी, नाहिद प्रवीण, इरशाद अंसारी इत्यादि का सहयोग रहा।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---05.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---प्रतिपदा तिथि 11:25 मिनट तक उपरांत द्वितीया तिथि
दिन :---रविवार
नक्षत्र :---ज्येष्ठा नक्षत्र दिन 10:06 मिनट तक उपरांत मूल नक्षत्र
योग :---धृति
करणः---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:45
सूर्यास्त : संध्या 05:15
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---वृश्चिक राशि में दिन 10:06 तक उपरांत धनु राशि में
आज का राहूकाल संध्या :---04:30 बजे से संध्या :---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः--दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज से शुक्ल पक्ष प्रारंभ हो रहा है और यह शुक्ल पक्ष 15 की बजाय 14 दिनों का होगा।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 04-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

पेज संo: 04

## आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

### लोगों को सरकारी लाभ से किया गया परिचित

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविन्द टुडु**



कार्यक्रम का उदघाटन करते अतिथि

चरही कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत में शनिवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का उद्‌घाटन जीप सदस्य अग्नेशिया साण्डी पूर्ति व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार एवं अंचलाधिकारी शशिभूषण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार ने चलाये जा रहे आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानक. ारी दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए एवं विभिन्न प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। मौके पर नये राशन कार्ड के लिए आवेदन पत्रों की स्वीकृति, उसकी त्रुटियों को दूर करने, पेंशन प्राप्त करने में लाभुक को हो रही समस्या का निराकरण किया गया। साथ ही मन. रेगा के तहत नये ज०ब कार्ड, प्रवासी श्रमिकों के लिए प्राथमिकता के तौर पर ज०ब कार्ड बनाने, कृषि ऋण, ई-श्रम पोर्टल पर नि. बंधन के आवेदन सहित विभिन्न मामलों का निपट. ारा किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी काशीनाथ, मनरेगा के जेई अरुण कुमार, बीपीओ प्रणव सिन्हा, सीआई अमर सिंह, कर्मचारी आशीष कुमार, पंचायत सेवक भीम मिस्त्री, त्रिदेव कुमार, जीप सदस्य अग्नेशिया सांडीपूर्ति, उपप्रमुख चोलेश्वर महतो, मुखिया बबली पीटर होरो, आंगनबाड़ी सेविका सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सैनिक स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मजदूरों की लड़ाई जायज – मनोज यादव

### मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन होगा तेज – महादेव राम

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



मजदूरों के धरना में शामिल हुए पूर्व विधायक व अन्य

सैनिक स्कूल प्रबंधक के खिलाफ मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यह लड़ाई मजदूरों की रोटी की लड़ाई है। उन्होंने सैनिक स्कूल प्रबंधक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन अतिशीघ्र मजदूरों की मांग को पूरा करें अन्यथा मज. दूरों की हक और अधिकार के लिए यह आंदोलन दिन प्रतिदिन उग्र होता जाएगा। उन्होंने मोबाइल के माध्यम से अंचलाधिकारी से बात करके समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि सैनिक स्कूल प्रबंधन को मजदूरों के मांगो के सामने झुकना होगा। उन्होंने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दिया। इस कार्यक्रम का संचालन युवा नेता सुधाकर यादव ने किया। मौके पर बरकट्ठा विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि सरजू वर्मा, सांसद प्रतिनिधि रामलखन यादव, बरही विधानसभा के पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह भा. जपा हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांटी मुखिया रमेश प्रसाद,बड़की धमराय के मुखिया प्रति. निधि किशोर यादव, पंचायत समिति सदस्य महेश वर्मा, कोलुआकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल यादव, भंडारों मुखिया सकलदेव यादव, समाजसेवी कैलाश राम, मंगलदेव यादव, प्रभु यादव सहित काफी संख्या में समाजसेवी व विद्यालय में कार्यरत मजदूर उपस्थित थे।

## टाटीझरिया के डुमर मे जिप सदस्य ने किया फेवर ब्लॉक पथ का शिलान्यास

**अपेम लाइवः टाटीझारिया**



टाटीझरिया प्रखंड के डुमर में जिला परिषद सदस्य रवि सिंह ने फेवर ब्ल०क पथ का शिलान्यास शनिवार को किया। यह फेवर ब्ल०क पथ मध्य विद्यालय से सुजीत रजक के घर से डाडी घोघर तक कुल 4 लाख 47 हजार की लागत से निर्माण कार्य किया जाना है। निर्माण कार्य श्री प्रकाश सपना कंस्ट्रक्शन के तहत किया जाना है। जिप सदस्य रवि सिंह ने कहा कि कई वर्षो से ग्रामीणों की मांग रही इस रास्ते का निर्माण की मांग अब पूरी होने वाली है। इस पथ के निर्माण से कई गांव के सैकड़ों लोग लाभान्वित हा. ेंगे। पक्की सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों के शिकायत पर ही जिला परिषद मद से फेवर ब्ल०क पथ का निर्माण किया जा रहा है। उक्त पथ का निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को आवाजाही में काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर सुरेश यादव, सुजीत रजक, राजेश्वर राणा, दीनू राणा, सोनू रजक, रोहित यादव, कारू सिंह, मनोज सिंह, छोटी सिंह, सुखदेव पांडेय, संजय राणा, मनोज सिंह, ज्ञानी प्रजापति, नारो अंसारी, शहादत अंसारी, अनिल राणा, महेश रजक आदि कई लोग उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पहुँचे चतरा, भद्रकाली मंदिर में टेका मत्था

### भाजपा नेताओं ने पूर्व मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किया स्वागत

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखण्ड के पूर्व मुख्य मंत्री रघुवर दास ने चतरा के पूर्व विधायक और भाजपा के विधान सभा के उम्मीदवार रहे जनार्दन पासवान के भतीजे के विवाह में प्रताप. पुर पहुंचे।प्रतापपुर जाने के क्रम में दास ने माँ भद्रक. ाली के चरणों मे मथ्था टेक कर झारखण्ड के शुख समृद्धि के लिए कामना की।माँ के दरबार के बाद वे प्रतापपुर के लिए निकले जहां जगह जगह पर भा. जपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।पीटीज में और ब्रह्मपुर में गिधौर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया वही पांडेय महुआ चौक पर कान्हाचट्टी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखण्ड अध्यक्ष सतीश सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया।उसके बाद श्री दास को चतरा, जोरी आदि जगहों पर स्वागत किया गया।पाण्डेयमहुआ में सतीश सिंह,अवधेश सिंह उर्फ गुज. जुन,कमांडो रजक,कृष्ण सा. ेनो,आदि ने स्वागत किया।रघुवर दास ने पत्रकारों से बात में कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार में केवल सरकारी खजाने की लूट है।उन्होंने कहा कि आपके अधिकार,आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से केवल लूट मची है।आम लोगो को इससे कोई फायदा नहीं होने वाला है। इनके साथ सिमरिया विधायक किसुन दास, भा. जपा नेता रामदेव गंझू, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, प्रदेश युवा मोर्चा मंत्री अमित साव, वरिस्ठ नेता लखन, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा,उपाध्यक्ष सह जीप अध्यक्ष ममता देवी,जिला कार्यसमिति सदस्य बसंत यादव ,भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव ,भा. जपा नेता उज्वल दास,ड० मृत्युंजय सिंह,अक्षयवट पांडेय,काली सिंह, सहित अन्य सेकड़ो लोग शामिल हुए!

## चेपाकला मुखिया साधना कुमारी ने 180 कंबल का वितरण किया

**अपेम लाइव : बडकागॉंव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते मुखिया साधना कुमारी

बड़कागांव : प्रखंड के चेपाकला पंचायत की मुखिया सह प्रधान साधना कुमारी के द्वारा गरीब, वृद्ध, एवं विधवा व्यक्तियों के बीच 180 कंबल का वितरण किया गया।उन्होंने झारखंड की महागठबंधन सरकार की योजना कार्य को सराहा और कहा कि कड़ाके की बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद के बीच जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कंबल वितरण करवाना सरकार की अच्छी पहल है।इस कड़ाके की ठंड के मौसम में कंबल मिलने से लोग काफी खुश हैं।वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया प्रति. निधि शंकर राम, वार्ड सदस्य कामेश्वर साव, गुंजा देवी, दुलार देवी, बालेश्वर प्रसाद, मंटू कुमार, रूबी देवी, कलावती देवी, उर्मिला देवी, कैलाश देवी, विनोद साव, जसोदा देवी, दिलीप महतो आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत धनबाद रोड निवासी अरुण कुमार पिता स्व सोबरन सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जनकरी के अनुसार अरुण कुमार अपने बाइक से पंचमाधव की और जा रहे थे । इसी क्रम में घायल हो गए। जिनका बरही अनुमंडलीय अस्पताल में ईलाज किया गया और प्राथमिक उपचार के बाद छुटी दे दिया गया।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार  सहयोगीः सोनू पंडित,  एडिटिंग- धनंजय कुमार  मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# आपके अधिकार,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में मंत्री भोक्ता ने कहा कान्हाचट्टी के गड़िया (नीचे घाट) के बच्चो को गांव में ही मिलेगी उच्च शिक्षा

## गरीबो के बीच किया गया कम्बल का वितरण


**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**


कार्यक्रम का उदघाटन करते अतिथि


लाभुकों को सरकारी लाभ देते मंत्री प्रधान सचिव एवं अन्य

कान्हाचट्टी के चिरिदिरी पंचायत के सायल बगीचे में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रम एवं कौशल विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं झारखण्ड सरकार के प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो चतरा उप विकास आयुक्त सुनील कुमार सिंह,एस डी एम मुमताज़ अंसारी ने शिरकत की।मंत्री एवं प्रधान सचिव एवं अन्य अति.थतो ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार आम नागरिकों एवं गरीबो के लिए मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं की उन तक पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।उन्होंने कहा कि जल्द ही गड़िया गांव(नीचे घाट)में बच्चो के उच्च शिक्षा के लिए उच्च विद्यालय खुलवाया जाएगा। और गड़िया अमकुदर, नारे, धवाईया, पथेल सहित नीचे घाट के बच्चो को उच्च शिक्षा जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा।इसके लिए आदेश भी दिया जा चुका है। कार्यक्रम में गरीबो के बीच कम्बल का भी वितरण किया गया।वही कई लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रमाण पत्र,पेंशन का प्रमाण पत्र,महिला समूहों को ऋण एवं अन्य तरह के लाभ दिया गया।वही प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि सरकार के द्वारा आम लोगो को कई तरह के लाभ दिए जा रहे हैं।कार्यक्रम को डी डी सी सुनील कुमार सिंह,एस डी एम मुमताज अंसारी,एवं चिरिदिरी मुखिया ने भी सम्बोधित किया।मंत्री एवं प्रधान सचिव सहित अन्य लोगो ने बारी बारी से लगाए गए स्ट०ल का निरीक्षण किया।और सचिव ने ई श्रम कार्ड का भी निरीक्षण कर अधिक से अधिक मजदूरों को ई श्रम से जोड़ने का निर्देश दिया गया।संचालन बी डी ओ हुलास महतो ने किया।मौके पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार,एवं अन्य लोग उपस्थित थे



## आदर्श मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



क्वीज प्रतियोगिता मे शामिल शिक्षक एवं छात्र छात्राएं

बड़कागांव आदर्श मध्य विद्यालय में प्राचार्य अशोक कुमार की अध्यक्षता में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए ग्रुप क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका संचालन शिक्षक दीपक राणा के द्वारा किया गया क्विज प्रतियोगिता में वर्ग 8 के सभी चार से. क्शन के बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में झारखंड से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में वर्ग 8 ए से मनीषा , संजना, ज्योति , सानिया । वर्ग 8 बी से कोमल भारती , आर्यन , नंदनी , प्रकाश । वर्ग 8सी से परी , सोनू , मुस्कान , रॉकी। एवं वर्ग 8डी से संजना , विक्रम , कशिश , चंदन ने भाग लिया।प्रतियोगिता में वर्ग 8 के सेक्शन सी के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता हुआ। क्विज का आयोजन दीपक कुमार राणा के द्वारा किया गया , तथा निर्णायक मंडली में कमलेश श्रीवास्तव , रवि कुमार रवि , नकुल महतो , देवनाथ कुमार , कार्तिक सोनी थे।क्विज तीन राउंड में कराया गया। इस क्विज को मजेदार तरीके से करने के लिए इसमें लाइफ लाइन का भी ऑप्शन रखा गया था, और अंतिम राउंड में बच्चों को मोबाइल के माध्यम से पहले जवाब देने वालों को प्वाइंट दिया गया।क्विज प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने प्रतियोगिता में शामिल सभी शिक्षकों एवं बच्चों को धन्यवाद दिया।

## एनटीपीसी में रोजगार को लेकर सिंदवारी पंचायत के रैयतों ने की बैठक

### जिनकी जमीन गई है उन्हें जल्द रोजगार दें एनटीपीसी अन्यथा पुनः होगा आंदोलन : रैयत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बैठक में उपस्थित सिंदवारी के रैयत

बड़कागांव : कर्णपुरा विस्थापित रैयत समिती की बैठक शनिवार की सुबह 7 बजे सिन्दवारी के सिमर नदी के पास की गई बैठक की अध्यक्षता समिती के अध्यक्ष मो. रियाजुल एवं संचालन समिती के सचिव प्रमोद कुमार दास ने की। आज की बैठक में समिति के आज तक के कार्यो की समीक्षा की गई। एनटीपीसी एवं त्रिवेणी सैनिक कंपनी के द्वारा दिये गए रोजगार के अस्वासानो पर भी चर्चा की गई। लगभग 2 सालों से समिति सिर्फ और सिर्फ अस्वासानो पर ही भरोसा करती आ रही है। लेकिन लगता है कि हमें सिर्फ और सिर्फ ठगने का ही कार्य किया जा रहा है। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि अब और इन्तेजार नही किया जाएगा और आर या पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। ग्राम सिंदवारी माइंस क्षेत्र में आती है । जिस प्रकार कन्वेयर बेल्ट में जिसकी जमीन अधिग्रहण हुवा, उसे कन्वेयर बेल्ट में रोजगार मिला। उसी प्रकार सिंदवारी की जमीन माइंस क्षेत्र में आती है ,उसे भी माइंस में नौकरी दिया जाय। अन्यथा जिस प्रकार सिंदवारी आंदोलन की शुरुआत की थी, पुनः उसी मार्ग पर चलते हुवे, आंदोलन का आगाज करेगी। समिति की अगले बैठक में आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जाएगी। आज की बैठक मे मुख्य रूप से समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ,उप सचिव अजय कुमार दास , कोषाध्यक्ष लालन कुमार दास, उप कोषाध्यक्ष मासुक अंसारी एवं मीडिया प्रभारी वारीस रज़ा ,सदस्यगण संजय कुमार कुशवाहा, छोटु पाडें ,रिजवान अंसारी ,धनेश्वर राम ,अजरुद्दीन अंसारी,सुनिल कुमार ,जानी बाबु , एजाज अंसारी, आजम अंसारी,सोनु वर्मा , विकरम पांडे ,अख्तर हुसैन, रंजीत , संजय , महफुज ,राजु माहतो,अशोक साव, बढो साव ,समेत सैकड़ो सदस्य मौजुद थे।

## आजसू पार्टी के द्वारा क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को जर्सी दिया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



जर्सी प्राप्त करते खिलाडी

बड़कागांव(हजारीबाग) बादम प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सेमीफाइनल मुकाबला बादम बस स्टैंड के समीप मैदान में महुगाई और उरीमारी के बीच खेला गया। मैच से पूर्व आजसू पार्टी के द्वारा दोनो टीम के खिलाड़ियों को जर्सी दिया गया। आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, राजा खान, विनोद राम, जावेद हुसैन ने खिलाड़ियों को जर्सी दिया। महुगाई की टीम ने उरीमारी को 16 रन से हराकर फाइनल के लिए जगह बनाया।

## बिरनी कार्यालय में इंकलाबी नौजवान का बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



उपस्थित इंकलाबी नौजवान के कार्यकर्ता

इंकलाबी नौजवान बिरनी के प्रखंड कमिटी की मीटिंग माले कार्यालय बिरनी में की गई । जिसमें इंकलाबी नौजवान सभा गिरीडीह का जिला सम्मेलन जो 15 दिसम्बर को बिरनी में ही होना है। इसे बेहतरीन तरीके से सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया , साथियों ने इस सम्मेलन में नौजवानों की ब्यापक गोलबंदी करने का संकल्प लिया , इस बीच सभी इंकलाबी साथी गाँव गाँव में सदस्यता अभियान चलाकर नौजवान विरोधी केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ जनसंघर्ष को तेज करने की करेंगे । इस बैठक में मुख्य रूप से बिरनी के भाकपा माले सचिव कॉम. रेड सीताराम सिंह , इनौस प्रखंड संयोजक सीताराम पासवान सहसंयोजक सह इनौस जिला कमिटी सदस्य राजेश कु विश्वकर्मा , इनौस जिला कमिटी सदस्य सूर्यदेव तुरी , प्रखंड कमिटी के सदस्य सुभाष साव, इकबाल अंसारी , भरत रजक, पवन पासवान, सोनू उर्फ संतोष शर्मा, संतोष दास, सनाउल अंसारी, शंकर दास, चंदन माथुर, सीताराम पंडित, उपेंद्र पासवान , रंजन सिंह आदि लोग शामिल हुए।







सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।










डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## बच्चियों की सुरक्षा प्राथमिकता जीप सदस्य मीना देवी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय बेलकप्पी में शौचालय निर्माण की आधारशिला जीप सदस्य मीना देवी ने रखी जिला परिषद सदस्य ने बताया कि पहली बार ज़िला परिषद को 15वें वित्त से 10: राशि मिली है,जिससे मैं बच्चियों के सुरक्षा को ध्यान रखते हुए यह योजना की अनुशंसा की हुं,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विद्यालय में बच्चियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। शिक्षा को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न विद्यालयों में भी शौचालय बनाने की कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुखिया गुड्डी देवी, पुर्व मुखिया राजकुमार नायक,सांसद प्रतिनिधि केदार साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र नायक, प्रधानाचार्य छत्रु प्रसाद, उप मुखिया सुरेश पाण्डेय, इन्द्रजीत प्रसाद, अर्जुण राणा, मनोज साव,पारा शिक्षक बबलु पाण्डेय, ईश्वर नायक समेत विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

## चलकुशा में किसान मोर्चा का विस्तार

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशाः प्रखंड में भाजपा किसान मोर्चा का विस्तार किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष इन्द्रदेव चौधरी के नेतृत्व में किया गया।महादेव माहतो, नारायण चौधरी, विधयासागर यादव उपाध्यक्ष महेश पासवान, संतोष ठाकुर महामंत्री रामेश्वर पंडित उर्फ रामू पंडित, दिलिप चौधरी, कन्हाय सिंह मंत्री सपन कुमार चौधरी कोषाध्यक्ष राजू राणा, विनोद यादव कार्यक्रम संयोजक पप्पू कुमार दास,मुन्ना यादव मीडिया प्रभारी राजकुमार सिंह सह मीडिया प्रभारी उमेश साव, सहदेव यादव को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है एवं 11सदस्यों का कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुबर दास का प्रतापपुर मंडल कार्यकर्ताओ ने किया भव्य स्वागत

**अपेम लाइव : चतरा**



पूर्व मुख्यमंत्री ऱघुवर दास के साथ भाजपा कार्यकर्ता

झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघवर दास एक दिवसीय दौरे पर प्रतापपुर पहुंचें। इस दौरान चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शौण्डिक, महामंत्री सत्येन्द्र पासवान, भाजपा नेता कपिल पासवान, अजीत कुमार पांडेय के नेतृत्व मे हजारो नेताओ एवं भाजपाईयो ने योगियारा मे आगवानी कर भव्य रूप से स्वागत किया।मौके पर श्री दास ने भाजपाईयो एवं भाजपा के वरिष्ट नेताओ, कार्यकर्ताओं को भाजपा संगठन को धारधार बनाने सहित युवाओ को सक्रीय करने,संगठात्मक विस्तार, पंचायत स्तरीय संगठन का विस्तार सहित कई आवश्यक निर्देश दिया।श्री दास इसके बाद चतरा के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता जनार्दन पासवान के आवास पर पहुंचकर वैवा. हिक कार्यक्रम बहुभात कार्यक्रम मे शामिल होकर वर डीएसई संजीत कुमार,वधु सुस्मिता कुमारी को आशिर्वाद देते हुये भेंट प्रदान किया।इसके बाद श्री दास ने पूर्व विधायक जनार्दन पासवान,समधी सह लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाई अर्जुन पासवान,श्री मति कमला देवी,श्री पासवान की पत्नी अनिता देवी,भतीजा कपिल पा. सवान, पुतोहु सह प्रमुख स्मिता प्रकाश समेत सभी परिजनो से मिलकर बधाई दिया।मौके पर चतरा के पूर्व सांसद बीरेन्द्र अग्रवाल ने अपने दर्जनो समर्थको के साथ श्री पासवान के घर पहुंचकर वर वधु को आशिर्वाद दिया।मौके पर दर्जनो जिले के वरिष्ट नेता ,कार्यकर्ता व अन्य शामिल थे।




APEM
LIVE

## बिहारी पैक्स के अध्यक्ष बने किशोरी प्रसाद मेहता

**अपेम लाइव : पदमा**



प्रमाण पत्र देते संजय यादव

पदमा प्रखंड अंतर्गत बिहारी पैक्स के अध्यक्ष किशोरी प्रसाद मेहता दोबारा चुने गए। कुल सदस्य 182 थे। जिसमें कुल 166 लोग ने मतदान किया। जिसमें किशोरी प्रसाद मेहता को 115 वोट मिला । विपक्ष में ओम प्रकाश मेहता को 49 वोट मिले ।पैक्स के अध्यक्ष किशोरी प्रसाद मेहता ने कहा कि लोगों ने जिस उद्देश्य से मुझे दुबारा चुना है। उसे मैं जरूर पूरा करूँगा। और किसानों को उत्तम बीज उपलब्ध करवाना मेरी प्राथमिकता होगी। साथ ही चुनाव जीतते ही उन्हें बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालो में देने बीजेपी मंडल अध्यक्ष बा. बूलाल मेहता, कपील मेहता , मेहता, नागेश्वर मेहता एवं परमेश्वर मेहता ने बधाई दी है।

## डश्च भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल का 8 वां वार्षिकोत्सव कल, तैयारी पूरी

**अपेम लाईव : बरही**

मलकको में संचालित ड०क्टर भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल का आठवां वार्षिक महोत्सव 5 दिसंबर दिन रविवार को समय प्रातः 10:00 ।बजे से आयोजित किया जाएगा। इस वार्षिक महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार यादव एवं प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोबरा 203 के सीओ राजीव कुमार सिन्हा, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नजीर अख्तर , डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक आईपी भारती, रामानुज मैथमेटिक्स के एस लाल, अनूप कुमार मेहता, महिला थाना प्रभारी अलीशा कुमारी, जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून, जीप प्रतिनिधि मो. हम्मद कयूम, भाजपा नेता किशुन यादव, मलकको पंचायत की मुखिया बसंती देवी, समाजसेवी विजय यादव,पंचायत समिति सदस्य सुरेश यादव एवं आसमा खातून मुख्य रूप से मौजूद रहेंगी।

